**व्यावसायिक जानकारी की सूचना**

English | български | Magyar | Romana | Português | Français | Türkçe | ภาษาไทย | Nederlands | Norsk | русский | Indonesia | Deutsch | Español | Українська | Italiano | Polski | 한국어 | Việt | 繁體中文 | Malayu | العربية | हिन्दी | 日本語 | 简体中文

*अपडेट करने की तारीख दिसंबर 2022*

यह सूचना बताती है कि डेटा नियंत्रक के रूप में Cargill, आपके बारे में व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग व्यावसायिक संदर्भ में किस तरह करती है, अगर आप यह हैं:

- आपूर्तिकर्ता, या अगर आप किसी ऐसे संगठन का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो आपूर्तिकर्ता है;
- ग्राहक, या अगर आप किसी ऐसे संगठन का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो ग्राहक है; या
- वेब उपयोगकर्ता।

हम इसे "व्यावसायिक जानकारी के रूप में संदर्भित करते हैं।"

यदि आप कैलिफोर्निया के निवासी हैं, तो आप पर लागू होने वाली कैलिफोर्निया गोपनीयता नीति की समीक्षा के लिए कृपया यहां क्लिक करें।

"Cargill" का मतलब, अमेरिका में निगमित Cargill, और दुनिया भर में उसकी अनुषंगी कंपनियां और संबद्ध कंपनियां है। Cargill कंपनियों की सूची https://www.cargill.com/page/worldwide पर मिल सकती है। "आपूर्तिकर्ता" का मतलब Cargill का मौजूदा और संभावित विक्रेता, आपूर्तिकर्ता, उप-संविदाकर्ता या भागीदार है। "ग्राहक" का मतलब Cargill का ग्राहक, संभावित ग्राहक या लक्षित ग्राहक है। "वेब उपयोगकर्ता" का मतलब Cargill इंटरनेट वेबसाइट का उपयोगकर्ता है। "तृतीय पक्ष सेवा प्रदाता" का मतलब, Cargill के बाहर का ऐसा तृतीय-पक्ष विक्रेता या आपूर्तिकर्ता है, जिसके पास Cargill को सेवाएं प्रदान करते समय व्यावसायिक जानकारी की एक्सेस हो सकती है। "व्यक्तिगत जानकारी" का मतलब, पहचाने गए या पहचाने नहीं गए स्वाभाविक व्यक्ति से संबंधित ऐसी जानकारी से है, जिसे Cargill द्वारा या उसकी ओर से स्वचालित साधनों से प्रोसेस किया जाता है।

**1. Cargill कौन सी व्यावसायिक जानकारी एकत्रित करती है?**

Cargill जो व्यावसायिक जानकारी एकत्रित करती और उपयोग करती है, वह विशेष व्यावसायिक संदर्भ पर और उस उद्देश्य पर निर्भर है, जिसके लिए उसे एकत्रित किया गया था। इसमें ये शामिल हो सकते हैं:

- संपर्क संबंधी विवरण (जैसे आपका नाम, कार्य का शीर्षक, लिंग, कार्य का पता, टेलीफ़ोन नंबर, ईमेल पता, फ़ैक्स नंबर आदि);
- आपके संबंधित अनुभव और/या अकादमिक और पेशेवर योग्यताएं (उदाहरण के लिए, अगर आपको किसी विक्रेता द्वारा नियुक्त किया गया है);
- आपके व्यवसाय और अन्य हितों और राय के विवरण (उदाहरण के लिए, जहां जानकारी किसी ग्राहक संबंध प्रबंधन डेटाबेस में बनाए रखी जाती है);
- वेब उपयोगकर्ताओं के लिए, Cargill वेबसाइट के आपके उपयोग से संबंधित जानकारी, जिसमें वेब फ़ॉर्म की सामग्री, किसी चर्चा फ़ोरम में किए गए योगदान और ब्राउज़िंग का इतिहास, IP पते और Cargill वेबसाइट पर पहुंचने का आपका पथ शामिल है;

- क्रेडिट कार्ड संबंधी विवरण, क्रेडिट योग्यता, और वित्त संबंधी अन्य जानकारी जैसे आपके बैंक अकाउंट का नंबर और किसी व्यावसायिक लेन-देन से संबंधित एकत्रित की गई भुगतान से संबंधित अन्य प्रासंगिक जानकारी;
- Cargill की साइट की CCTV इमेज और विज़िटर की विज़िट करने संबंधी जानकारी।

**2. Cargill आपकी व्यावसायिक जानकारी का क्या करेगी?**

आमतौर पर, Cargill, सिर्फ़ व्यवसाय संबंधी एक या अधिक उद्देश्यों के लिए ही व्यावसायिक जानकारी का उपयोग करती है:

- उपभोक्ताओं के साथ अनुबंधों के बारे में बातचीत करना, उन्हें पूरा करना और उनका निष्पादन करना (इसमें वित्तीय सेवाओं और सलाह का प्रावधान करना शामिल है);
- Cargill अकाउंट और रिकॉर्ड का प्रबंधन करना;
- विज्ञापन, मार्केटिंग और सार्वजनिक संबंध (डायरेक्ट मार्केटिंग सहित);
- बाजार अनुसंधान और विश्लेषण;
- आपूर्तिकर्ताओं के साथ अनुबंधों के बारे में बातचीत करना, उन्हें पूरा करना और उनका निष्पादन करना;
- ऐसे व्यक्तियों से बातचीत करना, जो ग्राहक, आपूर्तिकर्ता या वेब उपयोगकर्ता हैं या जो उनका प्रतिनिधित्व करते हैं;
- विश्लेषिकी सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने सहित Cargill वेबसाइट का संचालन करना;
- Cargill के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी गतिविधियों का समर्थन करना;
- Cargill की साइटों, वेबसाइटों और अन्य संपत्तियों को सुगम बनाना और सुरक्षा प्रदान करना;
- आपकी या दूसरों की सुरक्षा को सुगम बनाना;
- कानूनी और विनियामक अनुपालन तथा आंतरिक नियंत्रण मूल्यांकन तथा ऑडिट (इसमें वे स्थितियां शामिल हैं, जिनमें यह Cargill के आंतरिक और बाहरी ऑडिट सेवा प्रदाताओं द्वारा इसका संचालन करना शामिल है);
- ऋण का व्यवस्थापन; और/या
- कानूनी सलाह प्राप्त करना, जिसमें कानूनी कार्रवाइयां और मुकदमों के लिए ऐसा करना और साथ ही व्यवसाय की बिक्री, खरीदी या एकीकरण शामिल है।

हम अपने और ऐसे तृतीय पक्षों के वैध व्यावसायिक हितों के लिए, जिनसे हम बातचीत करते हैं, आवश्यक होने पर उपरोक्त उद्देश्यों के लिए व्यावसायिक जानकारी प्रोसेस करते हैं। हमारी प्रोसेसिंग के कुछ पहलू, कानून का अनुपालन करने के लिए भी हमारे लिए आवश्यक हैं या वे आपकी सहमति या प्रोसेसिंग के लिए उपलब्ध अन्य कानूनी आधारों पर आधारित हैं।

**3. Cargill डेटा गोपनीयता के सिद्धांत**

Cargill, व्यावसायिक जानकारी के संबंध में नीचे दिए गए सिद्धांतों का पालन करती है:

- हम इसे निष्पक्ष और कानून के मुताबिक प्रोसेस करते हैं;

- हम इसे विशिष्ट मान्य व्यावसायिक उद्देश्य के लिए प्रोसेस करते हैं और इसे आपकी जानकारी और/या सहमति के बिना ऐसे किसी तरीके से प्रोसेस नहीं करते हैं, जो किसी भी तरह उस उद्देश्य के लिए संगत नहीं हो;
- हम ऐसी व्यावसायिक जानकारी का उपयोग करते हैं, जो उस उद्देश्य के लिए पर्याप्त, प्रासंगिक और उससे बढ़कर नहीं हो, जिसके लिए उसे प्रोसेस किया गया था;
- हम उसे सटीक और आवश्यकतानुसार नवीनतम बनाए रखते हैं;
- हम उसे ऐसे स्वरूप में बनाए रखते हैं, जिससे उसकी उस अवधि से अधिक पहचान नहीं हो सके, जिसके लिए उसे एकत्रित किया गया था;
- हम उसे उपयुक्त तकनीकी और संगठनात्मक उपायों का उपयोग करके आकस्मिक और गैरकानूनी तौर पर नष्ट किए जाने या आकस्मिक हानि, बदलाव, अनधिकृत प्रकटीकरण या एक्सेस से सुरक्षित रखते हैं;
- हम इसे व्यक्ति के अधिकारों के अनुसार प्रोसेस करते हैं.

**4. आपकी व्यावसायिक जानकारी किसे प्रकट की जाती है?**

(a) Cargill के अंदर

Cargill, व्यावसायिक जानकारी की एक्सेस को कंपनी के अंतर्गत ऐसे व्यक्तियों तक प्रतिबंधित करती है, जिन्हें वह जानकारी “जानने की आवश्यकता” होती है। वैश्विक कंपनी के तौर पर राष्ट्रीय सीमाओं के बाहर और कुछ विशेष रूप से साझा की गई सेवाओं और संसाधनों के साथ व्यवसाय करते समय ऐसी कई स्थितियां उत्पन्न होती हैं, जिनमें इस “जानने की आवश्यकता” के तहत आपकी जानकारी को दूसरे देश में Cargill को स्थानांतरित किए जाने की आवश्यकता होती है, इनमें ऐसे देश भी शामिल हैं, जो हो सकता है कि व्यक्तिगत जानकारी के लिए कोई भी कानूनी सुरक्षा प्रदान नहीं करते हों। हालांकि, Cargill की व्यावसायिक जानकारी नीति के लिए डेटा गोपनीयता का उद्देश्य ऐसे हर देश में आपकी व्यावसायिक जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने का है, जिनमें Cargill 'बाध्यकारी कॉर्पोरेट नियमों’ के आधार पर संबंधित स्थानीय डेटा गोपनीयता नीति प्राधिकार की स्वीकृति से व्यवसाय संचालित करती है।

(b) Cargill के बाहर

Cargill, व्यावसायिक जानकारी को तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं के साथ साझा करती है। जहां यह ऐसा करती है, वहां Cargill, ऐसे तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं पर व्यावसायिक जानकारी के संबंध में उपयुक्त संविदात्मक दायित्व लागू करती है।

अपने तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं के अलावा Cargill, आपकी व्यावसायिक जानकारी Cargill के सिर्फ़ आगे दिए गए तृतीय-पक्षों को ही प्रकट करेगी:

- जब कानूनन ऐसा करना आवश्यक हो;
- पुलिस या अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी द्वारा सहायता के वैध अनुरोध के जवाब में;
- व्यक्ति के महत्वपूर्ण हितों या सुरक्षा को बनाए रखने के लिए;
- Cargill के बाहरी अधिवक्ताओं से कानूनी सलाह लेने के लिए या तृतीय पक्ष के साथ मुकदमे के संबंध में;
- किसी व्यवसाय की बिक्री, खरीदी या एकीकरण के संबंध में; या

- बाहरी ऑडिटर को सहभागी बनाने या Cargill के वित्तीय खातों को सत्यापित करने के लिए।

ऐसा करते समय, आपकी व्यावसायिक जानकारी को ऐसे अन्य देशों में हस्तांतरित किया जा सकता है, जो आपके स्वयं के देश के कानूनी सुरक्षा का समान स्तर प्रदान नहीं करते हैं। हालांकि, आपकी व्यावसायिक जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा के उपयुक्त उपाय लागू करना हमारी प्रक्रिया है।

**5. आपके अधिकारों का कार्यान्वयन करना**

**(i) वेब उपयोगकर्ता, ग्राहक और ग्राहकों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग**

अगर आप अपनी किसी भी व्यावसायिक जानकारी की कॉपी प्राप्त करना चाहते हैं या अगर आप उसे अपडेट करना या उसमें सुधार करना चाहते हैं या अगर आप आमतौर पर या किसी विशेष मीडिया के ज़रिए Cargill से आपको भेजी जाने वाली मार्केटिंग सामग्री रोकने का अनुरोध करना चाहते हैं, तो कृपया Cargill से संपर्क करें। हालांकि, कृपया ध्यान दें कि हो सकता है कि हम आपको गैर-मार्केटिंग संचार (जैसे सेवा से संबंधित संचार) भेजना जारी रखें और हम यह सुनिश्चित करने के लिए आपके अनुरोध का रिकॉर्ड रखने के साथ-साथ आपकी संपर्क जानकारी को बनाए रखेंगे कि आपके अनुरोध का पालन किया जाए।

Cargill ने आपकी व्यावसायिक जानकारी का उपयोग किस तरह किया है, अगर इसे लेकर आपको कोई चिंता है, तो सबसे पहले आपको अपनी चिंता, लिखित रूप से उस Cargill व्यवसाय के साथ उठानी चाहिए, जिसके साथ आप व्यवसाय करते हैं।

अगर Cargill को शिकायत किए जाने की उचित समयावधि के बाद भी उसका निराकरण नहीं होता है, तो इसे इस फ़ॉर्म का उपयोग करके वैश्विक गोपनीयता कार्यालय के लिए भेजा जा सकता है। आगे भेजी गई चिंता की जांच करने के बाद, वैश्विक गोपनीयता कार्यालय उचित समयावधि के बाद आपको उसकी ओर से की जाने वाली प्रस्तावित उपचारात्मक कार्रवाइयों की जानकारी के साथ अपने निष्कर्ष निर्धारित करते हुए लिखित में जवाब देगा।

कुछ स्थितियों में, आपको अपनी व्यावसायिक जानकारी को मिटा देने या उसके उपयोग को प्रतिबंधित करने, उसे पोर्टेबल स्वरूप में प्राप्त करने या उसे दूसरे संगठन में ट्रांसमिट किए जाने का अनुरोध करने का अधिकार है। अगर आप इनमें से किसी भी अधिकार का अनुरोध करना चाहते हैं, तो कृपया Cargill से संपर्क करें।

अगर आपकी चिंता EEA या UK के कानूनों के तहत व्यावसायिक जानकारी से संबंधित है, और अगर इसे वैश्विक गोपनीयता कार्यालय द्वारा पूरी तरह हल नहीं किया गया है, तो आपको अपनी चिंता अपने स्थानीय डेटा गोपनीयता प्राधिकारी को या उस देश के न्यायालय के समक्ष दायर करने का अधिकार है, जिसमें आप Cargill से आपको हुई किसी हानि या क्षति के लिए प्रतिपूर्ति प्राप्त करना चाहते हैं।

**(ii) आपूर्तिकर्ता और आपूर्तिकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग**

अगर आप अपनी किसी भी व्यावसायिक जानकारी की कॉपी प्राप्त करना चाहते हैं, या अगर आप उसे अपडेट करना या उसमें सुधार करना चाहते हैं, तो कृपया Cargill से संपर्क करें।

Cargill ने आपकी व्यावसायिक जानकारी का उपयोग किस तरह किया है, अगर इसे लेकर आपको कोई चिंता है, तो सबसे पहले आपको अपनी चिंता, लिखित रूप से उस Cargill व्यवसाय के साथ उठानी चाहिए, जिसके साथ आप व्यवसाय करते हैं।

अगर Cargill को शिकायत किए जाने की उचित समयावधि के बाद भी उसका निराकरण नहीं होता है, तो इसे इस फ़ॉर्म का उपयोग करके वैश्विक गोपनीयता कार्यालय के लिए भेजा जा सकता है। आगे भेजी गई चिंता की जांच करने के बाद, वैश्विक गोपनीयता कार्यालय उचित समयावधि के बाद आपको उसकी ओर से की जाने वाली प्रस्तावित उपचारात्मक कार्रवाइयों की जानकारी के साथ अपने निष्कर्ष निर्धारित करते हुए लिखित में जवाब देगा।

**6. आपकी व्यावसायिक जानकारी को अवधारित रखना**

उस उद्देश्य पर निर्भर करके, जिसके लिए हम आपकी व्यावसायिक जानकारी एकत्रित करते हैं, हम आपकी व्यावसायिक जानकारी को उस अवधि के लिए बनाए रख सकते हैं, जो इन उद्देश्यों के लिए, या विशेष रूप से कानूनी दावे की स्थिति में हमारी सुरक्षा के लिए आवश्यक है। दावे किए जाने के लिए सीमा अवधियां, अलग-अलग क्षेत्राधिकारों के लिए अलग-अलग होती है; उदाहरण के लिए UK में अधिकांश संविदात्मक दावों के लिए सीमा अवधि, अनुबंध के कथित उल्लंघन से लेकर छह माह तक होती है।

**Cargill से संपर्क करें**

अगर इस सूचना या हमारे गोपनीयता अभ्यासों के बारे में आपके कोई सवाल हैं या अगर आप व्यावसायिक जानकारी को एक्सेस करना, अपडेट करना, उसमें सुधार करना या अन्यथा उसके संबंध में अपने अधिकारों का उपयोग करना चाहते हैं, जिसमें अपनी सहमति वापस लेना भी शामिल है, तो कृपया इस फ़ॉर्म का उपयोग करें, या

हमें इस पते पर लिखें:

Cargill Global Privacy Office
Law Department, MS 24
Office Center
15407 McGinty Road West
Wayzata
MN 55391-2399
USA